# SSC कांस्टेबल (जीडी)

## भर्ती परीक्षा

# प्रैक्टिस सेट 1

**निर्देश**

- इस प्रश्न-पत्र में कुल **80 वस्तुनिष्ठ** प्रकार के प्रश्न हैं तथा परीक्षा की अवधि **60 मिनट** है।
- इस परीक्षा-पुस्तिका में चार भाग हैं भाग क : **सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्कशक्ति** (1-20), भाग ख : **सामान्य ज्ञान एवं सामान्य जानकारी** (21-40), भाग ग : **प्रारम्भिक अंकगणित** (41-60), भाग घ : **सामान्य हिन्दी** (61-80)।

Scanned by CamScanner


# भाग क सामान्य बुद्धि

**1.** यदि किसी सांकेतिक भाषा में BOMBAY को YABMOB लिखा जाता है, तो उसी भाषा में LUCKNOW को किस प्रकार लिखा जाएगा?

(a) WONKCUL (b) LUCKNOW

(c) WONLUCK (d) LUCKWONK

**2.** प्रश्न सूचक चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?




(a) 70 (b) 72

(c) 64 (d) 88

**3.** दिए हुए विकल्पों में से उस शब्द को चुनिए जो नीचे दिए गए शब्द में शामिल अक्षरों से नहीं बन सकता।

PERMANENT

(a) REMNANT (b) TRAMP

(c) MENTOR (d) AMPERE

**निर्देश** (प्र.सं. 4-6) *निम्नलिखित प्रश्नों में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?*

**4.** KNIFE : MPKHG : : DTGCF: ?

(a) FVIEG (b) FVIEH (c) BREAD (d) BRAED

**5.** एक फोटो को देखते हुए मारिया ने कहा, "वह मेरी माँ की माँ की इकलौती बेटी है।" मारिया फोटों में दिख रहे व्यक्ति से किस प्रकार सम्बन्धित है?

(a) बहन (b) बुआ (c) बेटी (d) मौसी

Scanned by CamScanner

**6.** किस विकल्प में निम्नलिखित शब्दों का वह क्रम दिया गया है, जिस क्रम में वे अंग्रेजी शब्दकोष में आते हैं?

1. Pilot
2. Pivot
3. Pipette
4. Pigeon
5. Pigment

(a) 5, 4, 1, 2, 3
(b) 5, 2, 3, 1, 4
(c) 4, 3, 1, 2, 5
(d) 4, 5, 1, 3, 2

**7.** निम्न प्रश्न में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?

257, 226, 197, ?

(a) 160
(b) 170
(c) 135
(d) 165

**8.** कौन-सा अक्षर-समूह दी गई शृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर आकर शृंखला को पूर्ण करेगा?

CPFG, ENHE, ?, IJLA, KHNY

(a) GLJC
(b) GLLC
(c) GLKD
(d) GLKC

**9.** बेमेल का चयन कीजिए।

(a) JM
(b) NP
(c) RS
(d) GS


**10.** एक कूटभाषा में 'dark colours' को 'yu nu', 'days are bright' को 'wu tu ku', 'nights are dark' को 'ku nu pu', 'paint bright' को 'wu ru' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। शब्द 'days' के लिए कूट क्या होगा?

(a) ku
(b) ru
(c) tu
(d) wu


Scanned by CamScanner

**11.** कौन-सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति के पैटर्न को पूरा करेगी?

**प्रश्न आकृति**





**उत्तर आकृतियाँ**




(a) (b) (c) (d)

**12.** उस उत्तर आकृति को चुनिए जिसमें प्रश्न आकृति निहित है।

**प्रश्न आकृति**



**उत्तर आकृतियाँ**



(a) (b) (c) (d)

**13.** एक कक्षा में लड़कों की संख्या लड़कियों की संख्या से तीन गुना है। निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या कक्षा में बच्चों की कुल संख्या को प्रदर्शित नहीं कर सकती?

(a) 48 (b) 44
(c) 42 (d) 40


**14.** यदि '–' का अर्थ '÷', '+' का अर्थ '×', '×' का अर्थ '+' और '÷' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा समीकरण सही है?

(a) $20 + 6 - 4 \times 9 \div 6 = 32$
(b) $10 + 3 - 2 \times 9 \div 2 = 21$
(c) $10 \div 2 + 3 \div 9 \times 2 = 8$
(d) $20 - 4 + 6 \div 9 \times 4 = 25$

**15.** A, B, C, D, E और F केन्द्र की ओर मुँह करके एक वृत्त में बैठे हैं। F, A के दूसरे बाएँ ओर है। B, A के दूसरे दाएँ ओर है। A, D का बायाँ पड़ोसी है। C, F और B के बीच बैठा है। A का बायाँ पड़ोसी E है। F के पड़ोसी कौन है?

(a) A, B (b) E, D
(c) C, E (d) C, D

**16.** कौन-सी उत्तर आकृति प्रबन्धक, मजदूर संघ और कामगार के बीच सही सम्बन्ध दर्शाती है?




(a) (b) (c) (d)


Scanned by CamScanner

**17.** कौन-सी उत्तर आकृति दी गई आकृति का सही दर्पण प्रतिबिम्ब है?

**प्रश्न आकृति**





**उत्तर आकृतियाँ**



(a) (b) (c) (d)


**18.** नीचे प्रश्न में दी गई आकृतियों के अनुसार कागज को मोड़कर काटने तथा खोलने के बाद वह किस उत्तर आकृति जैसा दिखाई देखा?

**प्रश्न आकृतियाँ**



X Y Z

**उत्तर आकृतियाँ**



(a) (b) (c) (d)

**19.** नीचे तीन कथन और उसके बाद निष्कर्ष I तथा II दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। सभी निष्कर्षों को पढ़िए और फिर ज्ञात कीजिए कि दिया गया कौन-सा निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है? भले ही सर्वज्ञात तथ्य कुछ भी हों।

**कथन** कुछ कमरे स्टोर हैं।
सभी स्टोर गोदाम हैं।
सभी गोदाम वेयरहाउस हैं।

**निष्कर्ष** I. सभी कमरे गोदाम हैं।
II. सभी स्टोर वेयरहाउस हैं।

(a) न तो निष्कर्ष I न ही निष्कर्ष II सत्य है
(b) केवल निष्कर्ष II सत्य है
(c) दोनों निष्कर्ष I तथा II सत्य हैं
(d) केवल निष्कर्ष I सत्य है

**20.** छः विद्यार्थी एक वृत्ताकार मेज के परितः मेज के केन्द्र की ओर मुख करके बैठे हैं। F, A के ठीक बगल में है। D, E के दाएँ ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। B, E के ठीक बगल में है, और C के दाएँ ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। F, D के दाएँ ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। A, E के ठीक बगल में नहीं है। A के दाएँ ओर से देखे ज़ाने पर, E और A के बीच कौन बैठा है?

(a) F और C
(b) D और C
(c) F और B
(d) C और B

Scanned by CamScanner

**21.** वह प्राचीन नाम क्या है, जिससे पटना शहर को जाना जाता था?
(a) कोसल
(b) गया
(c) पाटलिपुत्र
(d) गोमतेश्वर

**22.** सिरके का रासायनिक नाम क्या है?
(a) सिट्रिक एसिड
(b) ऐसीटिक एसिड
(c) पाइरुविक एसिड
(d) मैलिक एसिड

**23.** यह अल्पबेरोजगारी किसी ऐसे व्यक्ति के विपरीत छिपी हुई है, जिसके पास नौकरी नहीं है और वह बेरोजगार के रूप में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। इसलिए इसे ......... भी कहा जाता है।
(a) खुला रोजगार
(b) चक्रीय बेरोजगारी
(c) घर्षणात्मक बेरोजगारी
(d) प्रच्छन्न बेरोजबारी

**24.** लघु उद्योगों के लिए उच्चतम वित्त निकाय कौन-सा है?
(a) IDBI
(b) SIDBI
(c) IFC
(d) NABARD

**25.** किस क्रिकेट टीम ने ICC Men's T-20 World Cup 2024 का खिताब जीता है?
(a) ऑस्ट्रेलिया
(b) अफगानिस्तान
(c) इंग्लैण्ड
(d) भारत

**26.** ......... भगोड़े आर्थिक अपराधियों को भारतीय अदालतों के अधिकार क्षेत्र से बाहर रहकर भारत में कानून की प्रक्रिया से बचने से रोकने के उपाय प्रदान करता है।
(a) विदेशी आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018
(b) आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018
(c) भगोड़ा अपराधी अधिनियम, 2015
(d) भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018

**27.** भारत में किसानों पर हरित क्रान्ति के प्रभाव के बारे में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए।
A. हरित क्रान्ति की शुरुआत से किसानों को अपनी आय का स्तर बढ़ाने में मदद मिली।
B. कृषि उत्पादकता में सुधार हेतु किसानों द्वारा अपनी अधिशेष आय का पुनः निवेश किया गया।
उपरोक्त में से गलत कथन/कथनों को पहचानिए।
(a) केवल A
(b) केवल B
(c) A और B दोनों
(d) न तो A और न ही B

**28.** क्रिप्स मिशन भारत कब आया था?
(a) वर्ष 1919 में
(b) वर्ष 1928 में
(c) वर्ष 1942 में
(d) वर्ष 1945 में

**29.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक मौलिक कर्त्तव्य है?
(a) अधिवक्ताओं की गरिमा के लिए अपमानजनक प्रथाओं का त्याग करना
(b) किसी भी प्रशासनिक अधिकारी की गरिमा के लिए अपमानजनक प्रथाओं का त्याग करना
(c) पुरुषों की गरिमा के लिए अपमानजनक प्रथाओं का त्याग करना
(d) ऐसी प्रथाओं का त्याग करें, जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध है

**30.** निम्नलिखित में से जल की स्थायी कठोरता का कारण क्या है?
(a) मैग्नीशियम बाइकार्बोनेट
(b) सोडियम क्लोराइड
(c) कैल्शियम सल्फेट
(d) कैल्शियम बाइकार्बोनेट

Scanned by CamScanner

**31.** निम्नलिखित में से कौन-सा भारत में नृत्य के लिए दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है?
(a) कालिदास सम्मान
(b) गुरुदेव प्रसाद पुरस्कार
(c) नृत्यशिरोमणि
(d) संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार

**32.** इनमें से कौन संयुक्त राष्ट्र संघ (UNO) का स्थायी सदस्य नहीं है?
(a) यूएसए
(b) रूस
(c) द. अफ्रीका
(d) चीन

**33.** भारत के राष्ट्रपति के पास आपात अधिकार हैं
(a) चार प्रकार के
(b) दो प्रकार के
(c) पाँच प्रकार के
(d) तीन प्रकार के

**34.** निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य स्वर्ण का अधिकतम मात्रा में उत्पादन करता है?
(a) कर्नाटक
(b) पंजाब
(c) छत्तीसगढ़
(d) हिमाचल प्रदेश

**35.** लद्दाख के तिब्बती समुदायों में मनाया जाने वाला 'लोसर (Losar)' त्योहार ......... का प्रतीक है।
(a) शीतकालीन संक्रान्ति महोत्सव
(b) मानसून महोत्सव
(c) फसल कटाई के त्योहार
(d) नए वर्ष के त्योहार

**36.** भारत में प्रथम ट्रेन कब प्रारम्भ की गई?
(a) 1853 में
(b) 1850 में
(c) 1839 में
(d) 1825 में

**37.** राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा के लिए मनोनीत किए गए सदस्यों की संख्या है
(a) 2
(b) 6
(c) 8
(d) 12

**38.** भारत की पाँचवीं पंचवर्षीय योजना का मुख्य उद्देश्य क्या था?
(a) गरीबी उन्मूलन
(b) अपशिष्ट प्रबन्धन
(c) वनोन्मूलन
(d) राज्यों का केन्द्रीकरण

**39.** सही मिलान करें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| A. | राष्ट्रीय राजमार्ग | i | जिला परिषद् |
| B. | राज्य राजमार्ग | ii | राज्य लोक निर्माण |
| C. | सीमा सड़कें | iii | केन्द्रीय लोक निर्माण |
| D. | जिला सड़कें | iv | सीमा सड़क संगठन |

**कूट**
(a) A-iii, B-ii, C-i, D-iv
(b) A-iv, B-iii, C-i, D-ii
(c) A-ii, B-iii, C-iv, D-i
(d) A-iii, B-ii, C-iv, D-i

**40.** जून, 2024 में कौन-सा शहर भारत का पहला 'सिटी और लिटरेचर' बना है?
(a) जलगाँव (महाराष्ट्र)
(b) कोझिनकोड (केरल)
(c) सीकर (राजस्थान)
(d) भोपाल (मध्य प्रदेश)

Scanned by CamScanner

**41.** $2.\overline{3} + 4.\overline{3}$ का मान क्या है?

(a) $\frac{18}{7}$
(b) $\frac{21}{4}$
(c) $\frac{22}{7}$
(d) $\frac{20}{3}$

**42.** 5 अंकों की बड़ी-से-बड़ी वह कौन-सी संख्या है, जो एक पूर्ण वर्ग हैं?

(a) 99999
(b) 99764
(c) 99976
(d) 99856

**43.** एक कॉलेज में लड़के तथा लड़कियों का अनुपात 3 : 2 है। यदि इनमें से 20% लड़के तथा 25% लड़कियाँ वयस्क हों, तो अवयस्क विद्यार्थी कितने प्रतिशत हैं?

(a) 78%
(b) 65%
(c) 50%
(d) 82.5%

**44.** तीन संख्याएँ 1 : 2 : 3 अनुपात में हैं तथा उनका महत्तम समापवर्तक 12 है। ये संख्याएँ हैं

(a) 60, 72, 84
(b) 24, 36, 48
(c) 12, 24, 36
(d) 8, 16, 24

**45.** किसी वस्तु का अंकित मूल्य ₹ 200 है। अंकित मूल्य पर $12\frac{1}{2}$% बट्टा देकर भी 25% का लाभ अर्जित किया जाता है। उस वस्तु का क्रय मूल्य क्या है?

(a) ₹200
(b) ₹175
(c) ₹120
(d) ₹140

**46.** 58241 में कौन-सी संख्या जोड़ी जाए कि प्राप्त संख्या 9 से पूर्णतया विभाजित हो?

(a) 0
(b) 7
(c) 5
(d) 4

**47.** 1500 बाढ़ पीड़ितों हेतु 48 दिनों की भोजन सामग्री है। यदि 13 दिनों के बाद कुछ बाढ़ पीड़ित और आ जाते हैं, तो भोजन सामग्री 25 दिन ही चल पाती है, तो नये आने वाले बाढ़ पीड़ितों की संख्या है

(a) 750
(b) 800
(c) 900
(d) 600

**48.** किसी विद्यालय के 20 सदस्यीय विज्ञान शिक्षक संकाय की औसत आयु 45 वर्ष है। एक नये शिक्षक के संकाय में शामिल हो जाने से यदि औसत आयु $\frac{6}{7}$ वर्ष घट जाती है, तो नये शिक्षक की आयु है

(a) 37 वर्ष
(b) 27 वर्ष
(c) 26 वर्ष
(d) 34 वर्ष

**49.** जूही किसी कार्य को 6 दिनों में कर सकती है। जूही और कृष्ण उसी कार्य को 4 दिन में कर सकते हैं। कृष्ण को अकेले उस कार्य को करने में कितना समय लगेगा?

(a) 8 दिन
(b) 10 दिन
(c) 12 दिन
(d) 11 दिन

Scanned by CamScanner

**50.** $A$ की कार्यक्षमता $B$ की कार्यक्षमता की दोगुनी है। यदि $B$ एक काम अकेले 12 दिनों में कर सकता है, तब दोनों मिलकर पूरा काम कितने दिनों में करेंगे?

(a) 18 दिन (b) 8 दिन
(c) 6 दिन (d) 4 दिन

**51.** राकेश ने ₹ 900 प्रति कुन्तल की दर से गेहूँ की कुछ बोरियाँ खरीदी। उसमें से 20% गेहूँ सड़ गया। शेष गेहूँ को वह प्रति किग्रा किस दर से बेचे कि उसे 40% का लाभ हो?

(a) ₹ 14.60 प्रति किग्रा (b) ₹ 16.50 प्रति किग्रा
(c) ₹ 16 प्रति किग्रा (d) ₹ 15.75 प्रति किग्रा

**52.** किसी संख्या को दोगुना करके उसमें 9 जोड़ा जाता है। इस प्रकार प्राप्त संख्या का तीन गुना 75 के बराबर है। वह कौन-सी संख्या है?

(a) 6 (b) 3.5
(c) 8 (d) इनमें से कोई नहीं

**53.** [41 × {36 का 4 ÷ (96 का 2 ÷ 24)}] का मान कितना है?

(a) 656 (b) 779
(c) 738 (d) 697

**54.** यदि $M : N = 9 : 6$ है, तो $(M + N) : (M - N)$ का मान कितना है?

(a) 1 : 5 (b) 5 : 1 (c) 5 : 2 (d) 5 : 4

**55.** दस वर्ष पहले नम्रता की आयु दिव्या की आयु की आधी थी। यदि आज दोनों की आयु का अनुपात 3 : 4 है, तो उनकी वर्तमान आयु का योग क्या होगा?

(a) 18 वर्ष (b) 25 वर्ष
(c) 30 वर्ष (d) 35 वर्ष

**56.** 1200 मी लम्बे किसी पुल के दोनों और दो व्यक्ति खड़े हैं। यदि वे एक-दूसरे की ओर क्रमशः 5 मी/मिनट और 10 मी/मिनट की चाल से चलें, तो वे कितने समय में एक साथ मिलेंगे?

(a) 60 मिनट (b) 80 मिनट (c) 85 मिनट (d) 90 मिनट

**57.** $\dfrac{(3.4567)^2 - (3.4533)^2}{0.0034}$ का सरलीकरण करने पर प्राप्त परिणाम है

(a) 6.91 (b) 7 (c) 6.81 (d) 7.1

**58.** अनूप, हरेन्द्र और शिवेश ने एक चरागाह किराये पर लिया और उन्होंने उसका क्रमशः 5, 6 तथा 9 दिनों तक उपयोग किया। यदि चरागाह का कुल किराया ₹ 2400 हो, तो हरेन्द्र द्वारा दी गई राशि क्या होगी?

(a) ₹ 600 (b) ₹ 720 (c) ₹ 1080 (d) ₹ 1200

**59.** सुनील के पास 10 पैसे एवं 25 पैसे के कुल 40 सिक्के हैं। यदि उसके पास ₹ 7.75 हैं, तो बताइए कि उनमें 10 पैसे के कितने सिक्के हैं?

(a) 10 (b) 25 (c) 20 (d) 15

**60.** यदि अपनी सामान्य चाल के $\dfrac{5}{6}$ चलने पर एक व्यक्ति 1.5 घण्टे विलम्ब से कार्यालय पहुँचता है, तो उसका सामान्य समय है

(a) 3.5 घण्टे (b) 7.5 घण्टे
(c) 9 घण्टे (d) 8 घण्टे

Scanned by CamScanner

**निर्देश** (प्र. सं. 61 और 62) *दिए गए प्रत्येक वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिए। इसके लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं। उचित विकल्प का चुनाव कीजिए।*

**61.** अनुचित बातों के लिए आग्रह

(a) कुआग्रह (b) दुराग्रह (c) दुरभिग्रह (d) दुर्वह

**62.** जीतने की इच्छा

(a) जिगीषु (b) अजेय (c) जिज्ञासु (d) धीवर

**निर्देश** (प्र. सं. 63 और 64) *दिए गए शब्दों का उपयुक्त विलोम बताने के लिए चार-चार विकल्प प्रस्तावित हैं। उचित विकल्प का चयन कीजिए।*

**63.** ईषत्

(a) अलम (b) प्रचुर (c) उपयुक्त (d) ठीक

**64.** उत्सुक

(a) पिपायु (b) अनुत्सुक (c) जिज्ञाषु (d) दर्शनार्थी

**निर्देश** (प्र. सं. 65 और 66) *दिए गए वाक्यों में त्रुटियाँ हैं और कुछ ठीक हैं। वाक्य के जिस भाग में त्रुटियाँ हों, उसका उत्तर के रूप में चयन करें। यदि वाक्य में कोई त्रुटि न हो, तो कोई त्रुटि वाले विकल्प का चयन करें।*

**65.** मैंने अपनी आँखों की वह घटना देखी

(a) मैंने अपनी (b) आँखों की
(c) वह घटना देखी (d) कोई त्रुटि नहीं

**66.** यह मेरा भाई है, यह मेरे साथ रहता है

(a) यह मेरा भाई है (b) यह मेरे साथ
(c) रहता है (d) कोई त्रुटि नहीं

**निर्देश** (प्र. सं. 67 और 68) *दिए गए वाक्यों में रिक्त स्थानों की उचित शब्दों द्वारा पूर्ति के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं। उपयुक्त विकल्प चुनिए।*

**67.** प्राचीन काल में मध्य प्रदेश धार्मिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनैतिक क्रियाकलापों का मुख्य ···· रहा है।

(a) बाजार (b) घर (c) क्षेत्र (d) केन्द्र

**68.** सरकार की नीति है कि हिन्दी के प्रयोग को प्रेरणा, प्रोत्साहन व ···· से बढ़ाया जाए।

(a) दबाव (b) सद्भावना (c) दण्ड (d) धन

**निर्देश** (प्र. स. 69-73) *दिए गए अनुच्छेद में रिक्त स्थानों की उचित शब्दों द्वारा पूर्ति के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं। उपयुक्त विकल्प चुनिए।*

अनुशासन से तात्पर्य है–नियम ...(69)... व्यवस्था का पालन। प्रकृति में भी सूर्य ...(70)... पृथ्वी आदि नियमों का पालन करते हैं। यदि ये ...(71)... का पालन न करे, तो सृष्टि नष्ट हो जाएगी। मानव जीवन में भी ...(72)... का

Scanned by CamScanner

बड़ा महत्त्व है। अनुशासित व्यक्ति अपने जीवन में अधिक प्रगति करते हैं। समाज तथा राष्ट्र ...(73)... प्रगति भी अनुशासन द्वारा सम्भव है।

**69.** (a) या (b) अथवा (c) कोई (d) और

**70.** (a) चन्द्रमा (b) ग्रह (c) नदियाँ (d) जल

**71.** (a) अनुभवों (b) व्ययों (c) नियमों (d) परिणामों

**72.** (a) जीवन (b) अनुशासन (c) शासन (d) मनुष्य

**73.** (a) की (b) का (c) के (d) को

**निर्देश** (प्र. सं. 74-76) *दिए गए चार वाक्यों में से एक वाक्य शुद्ध है और तीन अशुद्ध हैं। शुद्ध वाक्य को चुनिए।*

**74.** (a) कृपया आज का अवकाश देने की कृपा करें।
(b) आज का अवकाश कृपया देने की कृपा करें।
(c) आज का अवकाश देने की कृपा करें।
(d) आज का कृपया अवकाश देने की कृपा करें।

**75.** (a) भारत में अनेक जाति हैं।
(b) भारत में अनेकों जाति हैं।
(c) भारत में अनेक जातियाँ हैं।
(d) भारत में अनेकों जातियाँ है।

**76.** (a) मैं ज्यों ही स्टेशन पहुँचा, वैसे ही ट्रेन चली गई।
(b) मैं जैसे ही स्टेशन पहुँचा, त्यों ही ट्रेन चली गई।
(c) मैं ज्यों ही स्टेशन पहुँचा, त्यों ही ट्रेन चली गई।
(d) मैं ज्यों ही स्टेशन पहुँचा, वैसे ही ट्रेन चली गई।

**निर्देश** (प्र. सं. 77 और 78) *दिए गए मुहावरे और लोकोक्ति का अर्थ बताने के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं। प्रत्येक के लिए उपयुक्त विकल्प चुनिए।*

**77.** 'चाँदी काटना' मुहावरे का अर्थ है
(a) धातु कर्म करना (b) चोरी करना
(c) लाभ न होना (d) मौज होना

**78.** 'चोर की दाढ़ी में तिनका' लोकोक्ति का सही अर्थ है
(a) चोर का स्वयं डरना (b) चोरी की पहचान होना
(c) दाढ़ी गन्दी होना (d) हर चोर की दाढ़ी होना

**निर्देश** (प्र. सं. 79 और 80) *दिए गए शब्दों के पर्याय (समानार्थक शब्द) के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं। उचित विकल्प चुनिए।*

**79.** सहकार
(a) सुख (b) सहयोग (c) आम (d) आस

**80.** गृह
(a) गुहा (b) कुन्दरा (c) बस्ती (d) गेह


Scanned by CamScanner

## तरमाला


| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (a) | 2 | (b) | 3 | (c) | 4 | (b) | 5 | (c) | 6 | (d) | 7 | (b) | 8 | (a) | 9 | (c) | 10 | (c) |
| 11 | (a) | 12 | (a) | 13 | (c) | 14 | (d) | 15 | (c) | 16 | (b) | 17 | (d) | 18 | (a) | 19 | (b) | 20 | (d) |
| 21 | (c) | 22 | (b) | 23 | (d) | 24 | (b) | 25 | (d) | 26 | (d) | 27 | (d) | 28 | (c) | 29 | (d) | 30 | (c) |
| 31 | (d) | 32 | (c) | 33 | (d) | 34 | (a) | 35 | (d) | 36 | (a) | 37 | (d) | 38 | (a) | 39 | (d) | 40 | (b) |
| 41 | (d) | 42 | (d) | 43 | (a) | 44 | (c) | 45 | (d) | 46 | (b) | 47 | (d) | 48 | (b) | 49 | (c) | 50 | (d) |
| 51 | (d) | 52 | (c) | 53 | (c) | 54 | (b) | 55 | (d) | 56 | (b) | 57 | (a) | 58 | (b) | 59 | (d) | 60 | (b) |
| 61 | (b) | 62 | (a) | 63 | (a) | 64 | (b) | 65 | (b) | 66 | (b) | 67 | (d) | 68 | (b) | 69 | (a) | 70 | (a) |
| 71 | (c) | 72 | (b) | 73 | (a) | 74 | (c) | 75 | (c) | 76 | (c) | 77 | (d) | 78 | (a) | 79 | (c) | 80 | (d) |

Scanned by CamScanner

**1.** जिस प्रकार,




उसी प्रकार,





**2.** जिस प्रकार, $4 \times 4 + 7 \times 5 = 16 + 35 = 51$

तथा $2 \times 2 + 4 \times 7 = 4 + 28 = 32$


उसी प्रकार, $8 \times 7 + 4 \times 4 = 56 + 16 = \boxed{72}$

**3.** 'MENTOR' शब्द में 'O' अक्षर विद्यमान है जोकि दिए गए शब्द में शामिल अक्षरों के समूह में नहीं है।


**4.** जिस प्रकार,




उसी प्रकार,




**5.** प्रश्नानुसार,





अतः मारिया फोटो में दिख रहे व्यक्ति की बेटी है।

**6.** दिए गए शब्दों को शब्दकोष क्रम में व्यवस्थित करने पर,

Pigeon → Pigment → Pilot → Pipette → Pivot
(4) (5) (1) (3) (2)

⇒ 4, 5, 1, 3, 2

**7.** दी गई श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है,




Scanned by CamScanner

# संकेत हल

**8.** दी गई अक्षर शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है,

$C \xrightarrow{+2} E \xrightarrow{+2} \boxed{G} \xrightarrow{+2} I \xrightarrow{+2} K$

$P \xrightarrow{-2} N \xrightarrow{-2} \boxed{L} \xrightarrow{-2} J \xrightarrow{-2} H$

$F \xrightarrow{+2} H \xrightarrow{+2} \boxed{J} \xrightarrow{+2} L \xrightarrow{+2} N$

$G \xrightarrow{-2} E \xrightarrow{-2} \boxed{C} \xrightarrow{-2} A \xrightarrow{-2} Y$

**9.** RS को छोड़कर अन्य सभी अक्षर युग्मों में एक से ज्यादा का अन्तर है।

**10.** दी गई कूटभाषा में

dark colours → yu nu


days are bright → wu tu ku

nights are dark → ku nu pu


paint bright → wu ru

उपरोक्त से, days → tu

**11.** उत्तर आकृति (a) प्रश्न आकृति के पैटर्न को पूरा करेगी।



**12.** उत्तर आकृति (a) में प्रश्न आकृति निहित हैं।



**13.** माना कक्षा में लड़कियों की संख्या $= x$

तब, कक्षा में लड़कों की संख्या $= 3x$

तथा कक्षा में बच्चों की कुल संख्या $= x + 3x$

$= 4x = 4 \times x$

अर्थात् कक्षा में बच्चों की संख्या 4 का गुणन होनी चाहिए। संख्या 42, 4 का गुणन नहीं है। अतः कक्षा में 42 बच्चें नहीं हो सकते।

**14.** विकल्प (d) में दिया गया समीकरण है

$20 - 4 + 6 \div 9 \times 4 = 25$

प्रश्नानुसार, चिह्न बदलने पर,

$20 \div 4 \times 6 - 9 + 4 = 25$

$\Rightarrow \quad 5 \times 6 - 9 + 4 = 25$


$\Rightarrow \quad 30 - 9 + 4 = 25$

$\Rightarrow \quad 34 - 9 = 25$

$\Rightarrow \quad 25 = 25$


Scanned by CamScanner

**15.** प्रश्नानुसार, व्यवस्थित करने पर





अतः F के पड़ोसी C और E हैं।

**16.** प्रबन्धक, मजदूर संघ तथा कामगार तीनों अलग-अलग हैं।





**17.** उत्तर आकृति (d) दी गई आकृति की सही दर्पण प्रतिबिम्ब है।




**18.** कागज को प्रश्न आकृति के अनुसार काटने तथा खोलने के बाद यह उत्तर आकृति (a) के समान दिखाई देगा।


**19.** कथनानुसार,




**निष्कर्ष** I. (✗) II. (✓)

अतः केवल निष्कर्ष II सत्य है।

**20.** प्रश्नानुसार,




अतः A के दाईं ओर से देखे जाने पर A और E के बीच F और C बैठे हैं।

**21.** बिहार की राजधानी पटना का प्राचीन नाम पाटलिपुत्र था। गंगा नदी के दक्षिणी तट पर स्थित इस शहर को लगभग 2000 वर्ष पूर्व पाटलिपुत्र के

Scanned by CamScanner

नाम से जाना जाता था। चन्द्रगुप्त मौर्य के काल में यह मगध साम्राज्य की राजधानी था।

**22.** सिरके का रासायनिक नाम ऐसीटिक एसिड है। इसका रासायनिक सूत्र ($CH_3COOH$) है। सिरके को किसी भी शर्करायुक्त विलयन के किण्वन के माध्यम से प्राप्त किया जाता है। प्रायः भोजन में प्रयुक्त किए जाने वाले सिरके में 4% से 8% तक ऐसीटिक अम्ल पाया जाता है।

**23.** अल्पबेरोजगारी किसी ऐसे व्यक्ति के विपरीत छिपी हुई है, जिसके पास नौकरी नही है और वह बेरोजगार के रूप में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, इसलिए इसे प्रच्छन्न बेरोजगारी कहते हैं।

**24.** भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) भारत की एक स्वतन्त्र वित्तीय संस्था है। इसकी स्थापना 2 अप्रैल, 1990 को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों की वृद्धि एवं विकास के उद्देश्य से की गई थी।

**25.** ICC Men's T-20 World Cup, 2024 के फाइनल के मुकाबले में भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका की टीम को हराकर दूसरी बार ICC Men's T-20 World Cup का खिताब अपने नाम किया है। इससे पहले वर्ष 2007 में भारतीय टीम पहली बार चैम्पियन बनी थीं।

**26.** भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 भगोड़े आर्थिक अपराधियों को भारतीय अदालतों के अधिकार क्षेत्र से बाहर रहकर भारत में कानून की प्रक्रिया से बचने से रोकने के उपाय प्रदान करता है। इसका उद्देश्य कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए देश छोड़ने वाले आर्थिक अपराधियों को रोकना है।

**27.** भारत में किसानों पर हरित क्रान्ति के प्रभाव के बारे में कथन (A) और कथन (B) दोनों गलत नहीं हैं, क्योंकि हरित क्रान्ति फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए दुनिया भर में एक आन्दोलन था।

इससे स्थानीय अर्थव्यवस्थाएँ भी मजबूत हुईं और निर्धनता में कमी आई। किसानों को अपनी आय का स्तर बढ़ाने में मदद मिली तथा कृषि उत्पादकता में सुधार होने पर किसानों द्वारा अपनी अधिशेष आय का पुनः निवेश किया गया।

भारत में हरित क्रान्ति की शुरुआत वर्ष 1967-68 में एम.एस. स्वामीनाथन ने की थी। इसका सर्वाधिक प्रभाव खाद्यान्न फसलों (विशेषतः गेहूँ एवं चावल) पर पड़ा। हरित क्रान्ति के फ़लस्वरूप इनकी पैदावार में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई।

**28.** क्रिप्स मिशन मार्च, 1942 में भारत आया था। भारत के राजनैतिक गतिरोध को दूर करने के उद्देश्य से तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमन्त्री चर्चिल ने ब्रिटिश संसद सदस्य और मजदूर नेता सर स्टैफोर्ड क्रिप्स के नेतृत्व में मिशन को भेजा था।

**29.** 'ऐसी प्रथाओं का त्याग करें, जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध है।' एक मौलिक कर्त्तव्य है। मौलिक कर्त्तव्य सरदार स्वर्ण सिंह समिति की अनुशंसा पर संविधान के 42वें संशोधन (1976) के

Scanned by CamScanner

द्वारा संविधान में जोड़ा गया। इसे रूस के संविधान से लिया गया है। इसे संविधान के भाग 4(क) में अनुच्छेद-5(क) के तहत् रखा गया है।

**30.** जल की स्थायी कठोरता कैल्शियम सल्फेट के कारण होती है। जल की यह कठोरता उबालने के पश्चात् भी नहीं जाती है।

**31.** संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार भारत में नृत्य के लिए दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है। वर्ष 1953 में स्थापित संगीत नाटक अकादमी भारत में प्रदर्शन कला के क्षेत्र में सर्वोच्च संस्था है। यह संगीत, नृत्य और नाटक के माध्यम से व्यक्त देश की विशाल अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और प्रचार में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**32.** द. अफ्रीका संयुक्त राष्ट्र संघ (UNO) का स्थायी सदस्य नहीं है। इसके 5 स्थायी और 10 अस्थायी सदस्य हैं। 5 स्थायी सदस्य देशों के नाम हैं- यूएसए, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और चीन।

**33.** भारत के राष्ट्रपति के पास तीन प्रकार के आपात अधिकार हैं। संविधान में आपात उपबन्ध को प्रावधान भाग-18 के अनुच्छेद-356 से 360 के अन्तर्गत वर्णन किया गया है। ये आपात उपबन्ध हैं

(i) युद्ध या बाह्य आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह के कारण

(ii) राज्यों में संवैधानिक तन्त्र विफल होने की स्थिति में (राष्ट्रपति शासन)

(iii) वित्तीय आपात

**34.** देश के कुल स्वर्ण उत्पादन का 98% भाग कर्नाटक द्वारा उत्पादित किया जाता है। यहाँ का कोलार और हट्टी की खान स्वर्ण उत्पादन के लिए प्रसिद्ध हैं। आन्ध्र प्रदेश का स्वर्ण उत्पादन में दूसरा स्थान है।

**35.** लद्दाख के तिब्बती समुदायों में मनाया जाने वाला 'लोसर' त्योहार नए वर्ष के त्योहार का प्रतीक है। यह त्योहार प्रतिवर्ष तिब्बती कैलेण्डर के ग्यारहवें माह के प्रथम दिन मनाया जाता है, जो चन्द्र नव वर्ष की शुरुआत का प्रतीक है। यह बौद्ध धर्म के देवताओं को धन्यवाद देने के संकेतक के रूप में मनाया जाता है।

**36.** भारत में प्रथम ट्रेन 16 अप्रैल, 1853 को बम्बई के बोरी बन्दर (वर्तमान में छत्रपति शिवाजी टर्मिनल) से ठाणे के बीच चलाई गई थी। इस रेलखण्ड की लम्बाई लगभग 34 किमी थी। भाप के इंजन से संचालित इस पहली ट्रेन में लगभग 400 यात्रियों ने सफर तय किया था।

**37.** संविधान के अनुच्छेद–80 (3) के अन्तर्गत राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा में 12 सदस्यों का मनोनयन किया जाता है। राज्यसभा में मनोनीत इन सदस्यों के मनोनयन का आधार कला, साहित्य, पत्रकारिता, विज्ञान, सामाजिक कार्यों में पर्याप्त अनुभव और दक्षता है।

**38.** भारत की पाँचवीं पंचवर्षीय योजना का मुख्य उद्देश्य गरीबी उन्मूलन तथा आत्मनिर्भरता की

Scanned by CamScanner

प्राप्ति थी। यह योजना केवल चार वर्ष चली थी। इसी योजना में बीस सूत्री कार्यक्रम (1975) की शुरुआत हुई। इस योजना को जनता पार्टी द्वारा वर्ष 1978 में ही समाप्त करने का निर्णय लिया गया था।

**39.** निम्नलिखित का सही मिलान A-iii, B-ii, C-iv तथा D-i है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| A. | राष्ट्रीय राजमार्ग | (iii) | केन्द्रीय लोक निर्माण |
| B. | राज्य राजमार्ग | (ii) | राज्य लोक निर्माण |
| C. | सीमा सड़कें | (iv) | सीमा सड़क संगठन |
| D. | जिला सड़कें | (i) | जिला परिषद् |

**41.** दिया गया व्यंजक,

$$2.\overline{3} + 4.\overline{3} = 2 + 0.\overline{3} + 4 + 0.\overline{3} = 6 + \frac{3}{9} + \frac{3}{9}$$

$$= 6 + \frac{1}{3} + \frac{1}{3} = 6 + \frac{2}{3} = \frac{20}{3}$$

**42.** $\because$ 5 अंकों की बड़ी-से-बड़ी संख्या = 99999

| | |
|---|---|
| | 316 |
| 3 | $\overline{99999}$ |
| | 9 |
| 61 | 99 |
| | 61 |
| 626 | 3899 |
| | 3756 |
| | 143 |

$\therefore$ अभीष्ट संख्या $= 99999 - 143$

$= 99856$

**43.** माना लड़के $= 3x$ तथा लड़कियाँ $= 2x$

कुल छात्र $= 5x$

$\therefore$ अवयस्क विद्यार्थी = 80% लड़के + 75% लड़कियाँ

$$= \frac{80 \times 3x}{100} + \frac{75 \times 2x}{100} = \frac{39x}{10}$$

$\therefore$ अभीष्ट प्रतिशत $= \left(\frac{39x}{10} \times \frac{1}{5x} \times 100\right)\% = 78\%$

**44.** माना संख्याएँ $x, 2x$ तथा $3x$ हैं।

तब, म.स. $= x$

अतः $x = 12$

$\therefore$ ये संख्याएँ 12, 24, 36 हैं।

**45.** माना वस्तु का क्रय मूल्य ₹$x$ है।

प्रश्नानुसार, 200 का $(100 - 12.5)\% = x$ का 125%

$\left[\because \text{विक्रय मूल्य} = \text{क्रय मूल्य} \times \frac{100 + \text{लाभ\%}}{100}\right.$

$\left.\text{तथा विक्रय मूल्य} = \text{अंकित मूल्य} \times \frac{100 - \text{छूट}}{100}\right]$

$$\Rightarrow \frac{200 \times 87.5}{100} = \frac{x \times 125}{100}$$

$$\Rightarrow x = \frac{200 \times 87.5}{125} = ₹\,140$$

**46.** यदि किसी संख्या के सभी अंकों का योग 9 से विभाज्य हो, तो वह संख्या 9 से अवश्य विभाज्य होगी।

यहाँ, संख्या के अंकों का योग

$= 5 + 8 + 2 + 4 + 1 = 20$

$\because$ 20 के बाद 9 से विभाजित संख्या = 27

$\therefore$ अभीष्ट संख्या $= 27 - 20 = 7$

Scanned by CamScanner

**47.** माना $x$ आदमी और आ जाते हैं।

शुरू में आदमियों की संख्या × दिन में कमी = बाद में आदमियों की संख्या × अपेक्षित दिनों की संख्या

$\therefore 1500(48-13) = (1500 + x) \times 25 \Rightarrow x = 600$

**48.** नये शिक्षक की आयु

$$= 45 - (20 + 1) \times \frac{6}{7} = 27 \text{ वर्ष}$$

**49.** कृष्ण द्वारा 1 दिन में किया गया कार्य

$$= \frac{1}{4} - \frac{1}{6} = \frac{3-2}{12} = \frac{1}{12}$$

∴ कृष्ण अकेले इस कार्य को 12 दिनों में करेगा।

[∵ कार्य समाप्त करने वाले दिनों की संख्या $= \frac{\text{पूरा काम}}{\text{1 दिन का काम}}$]

**50.** $B$ का 1 दिन का काम $= \frac{1}{12}$

$A$ का 1 दिन का काम $= \frac{1}{12} \times 2 = \frac{1}{6}$

$A$ तथा $B$ दोनों का एक दिन का कुल काम

$$= \frac{1}{6} + \frac{1}{12} = \frac{3}{12} = \frac{1}{4}$$

दोनों मिलकर कार्य को 4 दिन में पूरा करेंगें।

[∴ दिनों की संख्या $= \frac{\text{पूरा काम}}{\text{1 दिन का काम}}$]

**51.** माना राकेश ने एक कुन्तल गेहूँ खरीदा।

1 कुन्तल गेहूँ का क्रय मूल्य = ₹ 900

कुल विक्रय मूल्य $= 900 \times \frac{140}{100}$ = ₹ 1260

[∵ विक्रय मूल्य = क्रय मूल्य $\times \frac{100 + \text{लाभ\%}}{100}$]

20% सड़ने के बाद शेष गेहूँ

$= 100 - 20 = 80$ किग्रा

∴ प्रति किग्रा अभीष्ट विक्रय मूल्य

$= \frac{1260}{80}$ = ₹ 15.75

**52.** माना संख्या $x$ है।

प्रश्नानुसार, $(2x + 9) \times 3 = 75$

$\Rightarrow 2x + 9 = \frac{75}{3} = 25$

$\Rightarrow x = \frac{25-9}{2} = 8$

Scanned by CamScanner

**53.** $[41 \times \{36 \text{ का } 4 \div (96 \text{ का } 2 \div 24)\}]$

$$= [41 \times \{144 \div (192 \div 24)\}]$$
$$= [41 \times \{144 \div 8\}]$$
$$= [41 \times 18] = 738$$

**54.** माना $M = 9x$, $N = 6x$

प्रश्नानुसार, $\dfrac{M+N}{M-N} = \dfrac{9x + 6x}{9x - 6x}$

$$= \frac{15x}{3x} = \frac{5}{1}$$

$\therefore (M+N) : (M-N) = 5 : 1$

**वैकल्पिक विधि**

$$\frac{M}{N} = \frac{9}{6}$$

$\Rightarrow \dfrac{M+N}{M-N} = \dfrac{9+6}{9-6}$

(योगान्तर अनुपात के नियम से)

$$= \frac{15}{3} = \frac{5}{1} = 5 : 1$$

**55.** यदि 10 वर्ष पहले दिव्या की आयु $2x$ वर्ष रही हो, तो नम्रता की आयु $= x$ वर्ष

प्रश्नानुसार,

$$\frac{x + 10}{2x + 10} = \frac{3}{4}$$

$\Rightarrow 4x + 40 = 6x + 30$

$\Rightarrow 2x = 10$

$\Rightarrow x = 5$ वर्ष

$\therefore$ अभीष्ट उत्तर $= (x + 10) + (2x + 10)$

$= 3x + 20 = 3 \times 5 + 20$ $[\because x = 5]$

$= 35$ वर्ष

**56.** सापेक्ष चाल $= 5 + 10 = 15$ मी/मिनट

$\therefore$ एक साथ मिलने का समय $= \dfrac{1200}{15}$

$= 80$ मिनट

**57.** $\dfrac{(3.4567)^2 - (3.4533)^2}{0.0034}$

$$= \frac{(3.4567 + 3.4533)(3.4567 - 3.4533)}{0.0034}$$

$[\because a^2 - b^2 = (a+b)(a-b)]$

$$= \frac{6.91 \times 0.0034}{0.0034} = 6.91$$

Scanned by CamScanner

58. ∵ अनूप : हरेन्द्र : शिवेश = 5 : 6 : 9

हरेन्द्र द्वारा दी गई राशि

$$= \frac{6 \times 2400}{5+6+9}$$

$$= ₹\ 720$$

59. यदि सुनील के पास 10 पैसे के $x$ सिक्के हो,

तब $$\frac{x}{10} + \frac{(40-x)}{4} = 7.75$$

$$\Rightarrow \frac{2x + 200 - 5x}{20} = 7.75$$

$$\Rightarrow 3x = 200 - 7.75 \times 20$$

$$\Rightarrow 3x = 200 - 155$$

$$\therefore x = 15$$

60. अभीष्ट सामान्य समय $= \frac{5}{6-5} \times 1.5$

$= 7.5$ घण्टे

65. 'मैंने अपनी आँखों की वह घटना देखी।' वाक्य में 'आँखों की' वाक्यांश अशुद्ध है। इसमें 'आँखों की' के स्थान पर 'आँखों से' शब्दों का प्रयोग किया जाना चाहिए।

66. 'यह मेरा भाई है, यह मेरे साथ रहता है।' वाक्य में 'यह मेरे साथ' वाक्यांश अशुद्ध है। इसमें 'यह मेरे साथ' के स्थान पर 'जो मेरे साथ' शब्दों का प्रयोग होगा।

77. 'चाँदी काटना' मुहावरे का अर्थ 'मौज होना' है। इसका वाक्य प्रयोग निम्नलिखित है

**वाक्य प्रयोग** जब से हर्ष की एक करोड़ की लॉटरी लगी है, तब से वह चाँदी काट रहा है।

78. 'चोर की दाढ़ी में तिनका' लोकोक्ति का अर्थ 'चोर का स्वयं डरना' है।

इसका वाक्य प्रयोग निम्नलिखित है

**वाक्य प्रयोग** अपराधी प्रवृत्ति वाले व्यक्ति के मन में हमेशा खटका बना रहता है, मानो चोर की दाढ़ी में तिनका हो।

79. 'सहकार' का पर्यायवाची शब्द 'आम' है, इसके अतिरिक्त, रसाल, पिकबन्धु, मधुरासव आदि इसके अन्य पर्यायवाची हैं।

80. 'गृह' का पर्यायवाची शब्द 'गेह' है। इसके अतिरिक्त घर, सदन, निकेतन, भवन आदि इसके अन्य पर्यायवाची हैं।

Scanned by CamScanner